## एक नजर में

### भावांतर भुगतान योजना में पंजीयन शुरू

**खंडवा।** प्रदेश सरकार ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की है। इस योजना के लिए किसानों के पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक होंगे तथा सोयाबीन विक्रय अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना के लिए किसानों के पंजीयन की कार्यवाही 3 अक्टूबर से शुरू हैं। उन्होंने सभी किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि अधिक से अधिक किसानों तक भावांतर योजना के पंजीयन की तिथि की जानकारी पहुंचाएं, ताकि अधिकाधिक सोयाबीन उत्पादक किसान अपना पंजीयन करवा सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन शुरू होने की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं।

### राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर दी गई पुष्पांजलि



**खंडवा।** सद्भावना मंच व्दारा मालीकुआं स्थित कार्यालय पर आजाद भारत के महत्वपूर्ण स्तंभों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121 जयंती मनाई। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद जैन ने करते हुये कहा कि यदि हमारा मनोबल ऊंचा, श्रेष्ठ और समाज हितकारी है तो हम जो भी संकल्प लेते हैं या समाज के बदलाव का बीड़ा उठाते हैं तो वह कार्य अवश्य पूर्ण होता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने मनोबल से ही समाज को नई राह दिखाई। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, नारायण फरकले, डां. एमएम कुरैशी, कमल नागपाल, राजेश पोरपंथ, त्रिलोक चौधरी, गणेश भावसार, अर्जुन बुंदेला, एनके दवे, योगेश गुजराती, अशोक पारवानी, मुरली कोडवानी, निर्मल मंगवानी, नदीम रायल, शोभाराम रावत आदि मौजूद मंच सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। संचालन निर्मल मंगवानी एवं आभार मंच के उपाध्यक्ष आनंद तोमर ने व्यक्त किये।

### खंडवा जिले में वैश्य चेतना रैली निकली



**खंडवा।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई खंडवा जिले के तत्वाधान में 2 अक्टूबर गुरुवार को वैश्य चेतना रैली का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम वैश्य समाज को जागृत एवं चेतना प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में सभी जिलों में युवा इकाई द्वारा वैश्य चेतना रैली का आयोजन होता है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस श्रृंखला में खंडवा जिला में भी वैश्य चेतना रैली निकली यह रैली पार्वतीबाई धर्मशाला से प्रारंभ होकर गणेश गौशाला में संपन्न हुई। इस रैली के मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री युवा इकाई संजय तापड़िया थे। कार्यक्रम में मुख्य इकाई एवं महिला इकाई का भी सहयोग रहा जिसमें जिला प्रभारी इंजीनियर अखिलेश गुप्ता महिला इकाई संभाग प्रभारी निशा अग्रवाल भी अतिथि के रूप में शामिल हुए रैली की व्यवस्था युवा इकाई जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा की गई वैश्य महासम्मेलन के प्रवक्ता नारायण बाहेती एवं सुनील जैन भाजपा प्रवक्ता द्वारा देते हुए बताया कि पूरे शहर में इस रैली से जनता में वैश्य समाज को लेकर एक जागरूकता होती है। इस रैली में मुख्य इकाई के जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ देवेंद्र जैन, अजय लाड़, इंजीनियर दिलीप दशोरे, सनत श्रीमाली, जिला अध्यक्ष मुख्य इकाई के दीपक अग्रवाल जिला महामंत्री राकेश पालीवाल, सुनील जैन, नारायण बाहेती, श्याम हरिशंकर दलाल के साथ ही युवा इकाई के 50 से 60 कार्यकर्ता वाहन रैली के रूप में सम्मिलित हुए।

### नवाचार करते हुए युवाओं ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों का किया शाल श्रीफल से सम्मान



**खण्डवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करके मनाया गया। गांधी भवन में प्रात :10 बजे समस्त कांग्रेसजन गांधी भवन में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने गांधी जी के सत्य अहिंसा और सदभाव के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया, साथ ही उनके दिखाए हुए आदर्शो को जन जन तक पहुँचाने और समाज मे शांति, भाईचारे तथा समानता का संदेश देने के आग्रह किया। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु ने बताया कि कांग्रेस द्वारा नवाचार करतें हुए समस्त युवाओं द्वारा कांग्रेस के आधार स्तम्भ वरिष्ठजनो का शाल श्रीफल भेंट का संम्मान किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा पार्टी के वरिष्ठ हमारे आदर्श होते है एवं उनके आशीर्वाद व प्रेरणा से ही हम सफल हो सकते है। वरिष्ठजनों में डॉ जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, बाबा भाई, निर्मला मालवीय, रूपचन्द आर्य का गांधी भवन में स्वागत किया गया एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जवेरीलाल जैन, मुक्तिलाल नरेडी, सुभाष नागोरी, हाजी रज्जाक मलानी का स्वास्थ कारणों से गांधी भवन नही आ सके इसलिए उनके निवास पर जाकर उनका सम्मान किया गया। गांधी भवन में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पम एवं वरिष्ठजनों के सम्मान पश्चात समस्त कांग्रेसजन टाउनहॉल स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुचे एवं समस्त कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ जगदीशचंद्र चौरे, शांतनु दीक्षित, देवेंद्र जैन, श्याम यादव, अहमद पटेल, हेमलता पालीवाल, दीपक मुल्लू राठौर, रणधीर कैथवास, गणेश सकरगाये द्वार महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही गई। प्रेमांशु जैन ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर मान्धाता विधानसभा ज़िला खंडवा के मुंदी एवं बीड़ में नगर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया साथ ही गांधीवादी वरिष्ठजनों को श्रीफल, शाल भेंट कर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। खंडवा में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, डॉ जगदीचंद्र चौरे, सुनील आर्य, श्याम यादव, अजीज मदनी, दीपक मुल्लू राठौर, देवेंद्र जैन, शांतनु दीक्षित, हासिम बाबा भाई, चैनसिंह वर्मा, राजकुमार कैथवास, अहमद पटेल, रणधीर कैथवास, मनोज मंडलोई, प्रेमांशु जैन, आलोक सिंह रावत, मेहमूद खान, असलम गौरी, अय्यूब लाला, हेमलता पालीवाल, नीना वर्मा, विशाल जैन, यशवंत सिलावट, गणेश सकरगाये, नासिर खान, वामनराव जाधव, संदीप सोनी, आशीष कपिल, राजू वडूर, अब्दुल कादिर, दिव्यांश ओझा, शहजाद पवार, हन्नान खोकर, यूसुफ कुरैशी, वकिल नीलकंठ, आवेश, जासिम खान, प्रितेश जैन, नरसिम्हा, गुरप्रीत सिंह होरा, नमेश बारे, शैलेन्द्र वर्मा, करतार सिंह नायक सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अब्दुल कादिर ने किया।

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव एवं जीतू पटवारी ने ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना के प्रभावित परिवारों से भेंट कर संवेदना प्रकट की




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को खंडवा जिले की पंधाना तहसील के ग्राम जामली राजगढ़ पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना के मृतकों के परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना प्रकट की। दुर्घटना प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने के लिए आश्वस्त किया। अलग-अलग समय में घटना के प्रति सांत्वना देने के लिए गांव में मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचे। वै गमगीन दिखे। उन्होंने भी हर तरह की सहायता के लिए आशवासन देने को कहा। सरकार से अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने की बात कही। पटवारी ने साफ कहा कि यह वक्त राजनीति का नहीं है।

## सराहनीय कार्य करने वाले पुरस्कृत होंगे

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि के स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना के रेस्क्यू ऑपरेशन में सराहनीय योगदान देने वाले युवाओं करण, आकाश, मुकेश, राजा, ग्यारसा, दीपक और अशोक से चर्चा कर घटना के संबंध में जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना के रेस्क्यू ऑपरेशन में सराहनीय योगदान देने वाले युवाओं को गणतंत्र दिवस पर 51- 51 हजार रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना स्थल पर घाट निर्माण के आदेश भी कलेक्टर



ऋषव गुप्ता को दिए। उन्होंने इस दुर्घटना के गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश भी दिए।

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, संभाग आयुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे।

## नेता व अफसर का गांव में तांता

उल्लेखनीय है कि गुरुवार शाम को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रहे ग्रामीणों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ग्राम जामली राजगढ़ के पास स्थित अर्दला तालाब के रपटे पर पलट जाने से पंधाना तहसील के ग्राम पाडल्या फाटा निवासी 11 ग्रामीणों की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस दुखद हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक मदद दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सभी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## मृतकों के नाम

कलेक्टर ने बताया कि इस दुर्घटना के मृतकों में कु. आरती 18 वर्ष, दिनेश 13 वर्ष, उर्मिला 16 वर्ष, शर्मिला 15 वर्ष, गणेश 20 वर्ष, किरण 16 वर्ष, पाटली 25 वर्ष, रेवसिंह 13 वर्ष, आयुष 9 वर्ष, संगीता 16 वर्ष और चंदा 8 वर्ष मृतकों में शामिल हैं।

## 11 शवों का अंतिम संस्कार

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूरे गांव में शोक का माहौल छाया हुआ है। ता दें कि गुरुवार को खंडवा जिले के दुर्गा विसर्जन के दौरान डैम के बैकवाटर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। ट्रॉली में करीब 30 लोग सवार थे। हादसे में 8 साल की बच्ची से लेकर 25 साल तक की महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों में कई रिश्तेदार भी थे, जिन्होंने एक साथ अपनी अंतिम यात्रा पूरी की।

## मंत्री शाह ने मृतकों के परिजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार सुबह पन्धाना तहसील के ग्राम जामलीद्वराजगढ़ पहुंचकर ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना के मृतकों के परिजनों के घरद्वघर जाकर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। मंत्री ने मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने इस अवसर पर दुर्घटना के घायलों के हर संभव इलाज के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री ने मेडिकल कॉलेज खंडवा के अधीक्षक डॉक्टर रंजीत बडोले से फोन से बात कर दुर्घटना के घायल मरीजों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली, और निर्देश दिए कि आवश्यकता हो तो मरीज को इंदौर रेफर किया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार एयर एंबुलेंस सुविधा की मदद भी लें। मंत्री ने इस दौरान मृतकों के परिवार की बेटी सोनू और पिंकी खरते का अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावास में एडमिशन कराने के निर्देश भी दिए।



## जीतू पटवारी ने भी पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

जीतू पटवारी ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ की राहत की मांग की। खंडवा जिले के पंधाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक दुर्गा विसर्जन हादसे के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार को जामली गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिवारों से मुलाकात की और पूरी घटना की जानकारी ली। पटवारी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने एमपी सरकार को लेकर कहा कि इस बार सरकार संवेदनशील दिखाई दे रही है और खुद मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे हैं। पटवारी ने मुख्यमंत्री से मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की राहत राशि देने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, खरगोन के पूर्व विधायक रवि जोशी, बुरहानपुर के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, केदार डाबर, सोनू गुर्जर, नरेंद्र पटेल, देवेंद्र सिंह गोड़ रूपाली बारे, रविन्द्र महाजन, हमीद काजी, भगवान सिंह सोलंकी, यशराज सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य मनोज भरतकर, नानकराम बड़वाहे, हर्षित ठाकुर, नूपुर जैन, प्रफुल्ल कुमार जैन, शांतिलाल पटेल, आशाराम ठाकुर, संजय पाटीदार, धर्मेन्द्र राठौर, प्रेमांशु जैन, आशीष गंगराड़े, सहित अन्य कांग्रेसजन एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# लायन्स क्लब खण्डवा ने सेवा सप्ताह में मनाया भोजन सेवा दिवस

नवभारत न्यूज

***खण्डवा। लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा द्वारा लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल व केबिनेट एवं सेवा सप्ताह डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन राजेन्द्र सोडानी, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के दिशा निर्देशानुसार लायन्स सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया।***

नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ लियो अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव शिवम जायसवाल, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस को लायन्स प्रान्त के गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल ने कहाकि जरूरतमन्दों को भोजन कराना केवल दान ही नही होता वरन यह मानवता का उत्सव होता हैं। केबिनेट के निर्देशानुसार द्वितीय दिवस भोजन सेवा दिवस के रूप में मनाया। सेवा सप्ताह संयोजक गुरमीत सिंघ उबेजा, सेवा सप्ताह प्रभारी नारायण बाहेती, सेवा सप्ताह सह संयोजक अखिलेश गुप्ता, घनश्याम वाधवा, शरद खंडेलवाल, राजीव शर्मा, सनत श्रीमाली, हेमलता पालीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित भोजन सेवा गतिविधि में हिन्दू बाल सेवा सदन नागचुन रोड़, लायन्स भोजन सेवा केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर व श्री दादाजी वृद्धाश्रम रामनगर में विशेष भोजन सेवा गतिविधि की गई। श्री दादाजी वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों का आशीर्वाद लेकर विशेष भोजन कराया गया। श्री दादाजी वृद्ध आश्रम में लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा लायन रितेश कपूर के सहयोग से प्रति सप्ताह विशेष भोजन कराया जाता है। हिन्दू बाल सेवा सदन में बच्चों को संस्कार शिक्षा के बाद स्वल्पाहार कराया गया। आश्रम के अध्यक्ष विनय नेगी को सम्मानित किया गया।



लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में प्रतिदिन 250 से अधिक जरूरतमंद नि:शुल्क भोजन का लाभ लेते हैं। जिला चिकित्सालय के कुपोषण वार्ड के सभी बालको को फल वितरित किये गए। पदाधिकारियो के साथ ही भोजन दिवस सेवा कार्यक्रम संयोजक गांधीप्रसाद गदले, रितेश कपूर, सुशीला गदले, रेखा रामस्नेही, सुनील जैन, राजू जोशी, कुलविंदर आनंद, उमाशंकर उपाध्याय, सुनीता परिहार, लियो अभिषु शर्मा, अपूर्व उपाध्याय का सराहनीय सहयोग रहा। सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार माना।

## गांधी जयंती के अवसर पर कुष्ठ मुक्ति का संकल्प लिया

**खण्डवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती कुष्ठ मुक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा ने मुख्य समारोह में लोगों को कुष्ठ मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधायक कंचन तन्वे, महापौर अमृता यादव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने लेप्रोसी कैनोपी में पहुँचकर राष्ट्रपिता को नमन किया। नगर निगम प्रांगण में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का पुण्य स्मरण किया। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले भर में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता की गतिविधियाँ आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्यजनों ने कुष्ठ मुक्ति का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में आयुक्त प्रियंका राजावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल, डी. एच.ओ. डॉ. रामदास बाकोरिया, डॉ.रश्मि कौशल, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमें, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सद्भावना मंच ने घटना पर शोक जताते हुए किए श्रद्धा सुमन अर्पित



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** गुरुवार को पंधाना ब्लॉक के जामली ग्राम में माता के मूर्ति विसर्जन के दौरान दुखद हादसे में नाबालिक बच्चियों सहित 11 लोगों की मौत हो जाने से सद्भावना मंच द्वारा आयोजित शोक सभा में मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि एवं परिजनों के लिए शोक संवेदना व्यक्त की। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि शोक सभा का आयोजन मंच संस्थापक प्रमोद जैन की उपस्थिति में किया गया।

इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, आनन्द तोमर, ओम पिल्लै, सुरेंद्र गीते, एनके दवे, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, कमल नागपाल, मनीष गुप्ता, देवेंद्र जैन, डा. जगदीशचंद्र चौरे, निर्मल मंगवानी, राजेश पोरपंथ, अनूप शर्मा, सुभाष मीणा आदि सदस्यों ने उपस्थित होकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में शारदीय नवरात्र महोत्सव एवं मेले का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में शारदीय नवरात्र महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस पर माताजी की स्थापना विधि-विधान पूर्वक एवं सुंदरकाण्ड पाठ किया गया। जिसमें डी.के .द्विवेदी, परियोजना प्रमुख एवं अंजना द्विवेदी, लेडीज क्लब अध्यक्षा श्रृद्धापूर्वक उपस्थिति रहे। पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन माताजी की आरती का आयोजन हुआ, जिसमें परियोजना परिवार के सभी सदस्य एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

महोत्सव के अंतर्गत विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें तम्बोला एवं रंगारंग गरबा का आयोजन परियोजना परिवार की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा किया गया, उक्त कार्यक्रम में सभी ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य कर उत्सव को और भी भव्य बना दिया। बच्चों एवं युवाओं ने फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, गीत, नृत्य, नाटक एवं स्किट प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर गुडलक ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण इस आयोजन में विराट कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ, जिसमें प्रख्यात कवियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से वातावरण को सरस बना दिया। महोत्सव के समापन अवसर पर हवन, कन्याभोजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया तथा परंपरागत विधि से माताजी की प्रतिमा का विसर्जन सम्पन्न हुआ।

सांयकाल दशहरा पर्व पर परियोजना परिसर में भव्य मेला आयोजित किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण विभिन्न व्यजंनो की स्टाल रही जिसमें परियोजना के रहवासियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा रावण दहन, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में परियोजना परिवार के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जैसे ही रावण का पुतला धधकता हुआ धराशायी हुआ, वैसे ही विजयादशमी के पर्व का संदेश सत्य की जीत और असत्य पराजय गूंज उठा।

इस शारदीय नवरात्र महोत्सव में अंजना द्विवेदी, लेडीज क्लब अध्यक्षा, विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ओएण्डएम), रंजना सिंह, एम.एस. करुणाकर, समूह उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी), संजय कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल), एन.एस. रॉव, उप महाप्रबंधक (सिविल), चंचला सिन्हा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विजय कुमार साहू, उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी) तथा कर्मचारीगण, सीआईएसएफ बल सदस्य एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

**रेल** — मुजफ्फरपुर हड़पसर एसी साप्ताहिक एक्स. 6 अक्टूबर से होगी शुरू

# पुणे के लिए खंडवा को मिली नई ट्रेन सुविधा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुणे के लिए लगातार ट्रेनों की मांग को देखते हुए रेल मंत्रालय ने नई साप्ताहिक एसी ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा सभी जोनल बैठकों और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात में खंडवा, बुरहानपुर के यात्रियों के पुणे आने जाने की सुविधा के लिए ट्रेनें बढ़ाने की मांग लगातार उठाते रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप इस ट्रेन की खंडवा को स्टॉपेज की सौगात मिली है। अब इस ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलेगी।

सेंट्रल रेल मुंबई रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा और आस पास के क्षेत्रवासियों की पुणे के लिए ट्रेनों की अधिक मांग रहती हैं। यह पूर्व में स्पेशल ट्रेन संख्या 05289/90 नम्बर से चलाई गई, जिसे अब नियमित साप्ताहिक



किया जा रहा है। इस ट्रेन के शुरू होने से खंडवा जिले के क्षेत्रवासियों को सुविधा और लाभ मिलेगा।

15589 एक्सप्रेस दिनांक 06 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार को मुजफ्फरपुर से शाम 19.25 को रवाना होकर प्रति मंगलवार शाम 17.00 बजे खंडवा आएंगी बुधवार को प्रात: 6.25 को हड़पसर पहुँचेंगी। वापसी में 15590 एक्सप्रेस दिनांक 08 अक्टूबर से हड़पसर से सुबह 10.00 रवाना होकर प्रति बुधवार रात 22.00 बजे खंडवा आएंगी तथा गुरुवार को रात 21.50 को मुजफ्फरपुर पहुँचेंगी।

**इसकी कोच संरचना इस प्रकार से रहेगी :** 08 एसी टू टियर, 12 एसी थ्री टियर इकोनॉमी, 02 जनरेटर कार कम एसएलआर कुल 22 LHB कोच

**स्टोपेजेस:** मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिंवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंगपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़, कोपरगाँव, बेलापुर, अहिल्यानगर, दौंड कार्ड, हड़पसर।